an>

Title: Regarding spreading of acute encephalities syndrome in the Sheohar constituency in Bihar and action to be taken for its prevention.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): महोदय, मैं शून्य काल के माध्यम से सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र शिवहर के तरियानी थाने के पहाड़पुर गांव में पांच वÂर्षीय बच्ची की अजीब बीमारी से इसी अप्रैल महीने में मौत होने की सूचना देना चाहती हूं। यह बच्ची तेज बुखार और चमकी से पीड़ित थी और इस बीमारी का स्थानीय नर्सिंग होम के डॉक्टर एवं मुजफ्फरपुर के बड़े अस्पताल एसकेएमसीएच के डॉक्टर भी पता नहीं लगा पाए थे। जब इस बच्ची की बीमारी का पता लगाया जा रहा था तो इस बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की मौत के कारणों की जानकारी करने के लिए पोस्टमार्टम के डर से बच्ची के परिवार वाले बच्ची का शव लेकर अपने घर चले गए। इस बीमारी को एक्यूट इंसेफ्लाटिस सिंड्रोम नाम दिया गया है, परन्तु मेरे क्षेत्र में इस बीमारी के लक्षण पहली बार देखे गए हैं। यह बीमारी अन्य क्षेत्रों में न फैले, इसके लिए केन्द्र स्तर पर एक टीम जानी चाहिए। डॉक्टरों का मानना है कि मई-जून माह में यह बीमारी महामारी का रूप ले सकती है। डॉक्टरों के अनुसार किसी अज्ञात वायरस के कारण यह बीमारी दिन-प्रतिदिन फैल रही है। जिले के डीएम के आदेश पर सिविल सर्जन बच्ची के परिवार के घर पर इस बीमारी का पता लगाने गए। मेरी जानकारी में इस बीमारी के लक्षण मेरे संसदीय क्षेत्र के बेलसंड प्रखण्ड में भी देखे गए हैं, जहां इस तरह की बीमारी से कई मौतें हुई हैं।

सदन के माध्यम से मैं सरकार से अनुरोध करना चाहती हूं कि इस बीमारी का पता लगाने एवं इसकी तत्काल रोकथाम करने के लिए केन्द्र स्तर पर एक टीम भेजी जाए, जिससे इस बीमारी से लोगों की जान को बचाया जाए, बच्चों को बचाया जाए।

अध्यक्ष महोदया, एक अनुरोध और मैं आपसे करना चाहती हूं कि बीस लोगों का नाम लॉटरी में फंसता है, हम लोग बड़ी परिश्रम से गिराते हैं, लेकिन कभी-कभी इमरजेंसी बात को नहीं उठा पाते हैं। कम से कम पांच महिला सांसदों को बोलने का अधिकार दिया जाए कि कम से कम वे लोग बोल सकें।

माननीय अध्यक्ष : बहुत ज्यादा देते हैं।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती रमा देवी द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

पशुपति नाथ जी, आप कहां चले गए थे? बोलिए।